प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 17.03.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन आज प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना–पीएमआईएस के लिए एक समर्पित ऐप लॉन्च करेंगी।
2. नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी आज गिरिडीह के हिंसा प्रभावित क्षेत्र का करेंगे दौरा, घोड़थाम्बा में हुई पुलिस की कार्रवाई की कड़ी निंदा की, सख्त कार्रवाई की मांग की।
3. कांग्रेस प्रदेश प्रभारी का 26 मार्च से पांच दिवसीय झारखंड दौरा, पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक में संगठन मजबूती को लेकर सौंपेंगे टास्क ।
4. तपती गर्मी के बीच झारखंड में फिर बदला मौसम, कई हिस्सों में छाएं आंशिक बादल, 19 मार्च से 22 मार्च तक बारिश का पूर्वानुमान ।
5. और अंतर जिला महिला अंडर–19 क्रिकेट प्रतियोगिता की आज से चाईबासा में शुरूआत ।

******************

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आज प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के लिए ऐप लॉन्च करेंगी। इस ऐप का उद्देश्य योजना के दूसरे दौर के लिए आसान पंजीकरण की सुविधा से भागीदारी को बढ़ाना है। इसके लिए आवेदन 31 मार्च तक स्वीकार किए जाएंगे। ऐप लॉन्च के साथ ही, कोलकाता में प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के लिए सुविधा केंद्र स्थापित किया जाएगा

******************

नेता प्रतिपक्ष और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी आज गिरिडीह के हिंसा प्रभावित क्षेत्र का दौरा करेंगे। उन्होंने घोड़थाम्बा में हुई पुलिस की कार्रवाई की कड़ी निंदा की और इसे बर्बरता की पराकाष्ठा बताया। श्री मरांडी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि लोकतंत्र में लाठीतंत्र की कोई जगह नहीं है। पुलिस की दमनात्मक कारवाई को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने इस मामले की जांच कर अमानवीय व्यवहार करने वाले सभी पुलिसकर्मियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की।

******************

कांग्रेस प्रदेश प्रभारी के राजू पांच दिवसीय झारखंड दौरे पर 26 मार्च को रांची पहुंचेंगे। इस दौरान पार्टी पदाधिकारियों की कई अहम बैठक होंगी। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि झारखंड में कांग्रेस पार्टी को संगठित और मजबूत करने के लिए 26 से 30 मार्च तक महत्वपूर्ण बैठकें आयोजित की जाएंगी। इस दौरान झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सभी प्रमुख पदाधिकारियों को विशेष कार्य सौंपे जाएंगे, जिन्हें अगले 100 दिनों में ज़मीनी स्तर पर लागू किया जाएगा।

******************

राज्य के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने भारतीय मूल की प्रथम महिला अंतरिक्ष यात्री कल्पना चावला की जयंती पर उन्हें नमन किया है । सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने लिखा है कि देश के गौरव को आसमान की बुलंदियों पर पहुंचाने वाली कल्पना चावला ने न केवल देश की करोड़ों बेटियों को उड़ान भरने की प्रेरणा दी बल्कि अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत का नाम ऊंचा करने में अपना अमूल्य योगदान दिया।

******************

राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता चंपाई सोरेन पूर्वी सिंहभूम जिले के पोटका प्रखंड अंर्तगत एदेलडीह जाहेरगढ़ में आयोजित दिशोम बाहा महोत्सव में शामिल हुए। सोशल मीडिया पोस्ट में तस्वीरों को साझा करते हुए उन्होंने लिखा कि आदिवासियों को यह समझना होगा कि प्रकृति पूजक हमारे समुदाय पर दो–तरफा हमले हो रहे हैं। उन्होंने बांग्लादेशी घुसपैठ और धर्मांतरण पर चिंता जताई और कहा कि लोगों को एकजुट होकर इन चुनौतियों से जुझना होगा।

******************

साहिबगंज जिले में धुमकुड़िया हाउस के माध्यम से उरांव आदिवासियों की परंपराओं को संरक्षित करने का प्रयास किया जा रहा है।

******************

साहिबगंज के पतौड़ा झील में नमामि गंगे कार्यक्रम के अंतर्गत स्वच्छता पखवाड़ा के तहत स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रबल गर्ग के नेतृत्व में संचालित कार्यक्रम का उद्देश्य जल संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जन जागरूकता बढ़ाना था।

******************

पश्चिमी सिंहभूम जिले के जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र में आज सुबह आगलगी की एक घटना में चार बच्चों की मृत्यु हो गई। गितिलपी गांव के रामोसाई टोला में यह घटना आज सुबह 11 बजे के आसपास घटी। बताया जाता है कि पुआल के ढेर में ये बच्चे खेल रहे थे उसी दौरान पुआल में आग लग गई और बच्चे उसी में फंसकर झुलस गए। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और आग लगने के कारणों का पता लगाने में जुट गई है।

******************

झारखंड में एक बार फिर मौसम का मिजाज बदलने वाला है। मौसम विभाग ने राज्य के कई जिलों में हीट वेव को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। साथ ही कई हिस्सों में आकाश में बादल छाने का भी पूर्वानुमान व्यक्त किया है। 19 मार्च से 22 मार्च तक राज्य में गरज के साथ बारिश हो सकती है। पिछले 24 घंटे में कहीं कहीं हीट वेव के साथ कई जगहों पर सीवियर हीट वेव की स्थिति देखी गयी। सबसे अधिक उच्चतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस चाईबासा में रिकॉर्ड किया गया, जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 17 दशमलव 3 डिग्री सेल्सियस लोहरदगा में दर्ज किया गया.

******************

देवघर जिले में शहर और आसपास के इलाकों में भी मौसम ने करवट ली है। लगातार बढ़ रही गर्मी के बीच आज हुई झमाझम बारिश से लोगों को भीषण गर्मी से राहत तो मिली, लेकिन किसानों की चिंता बढ़ गई है। इस बेसौम बारिश से गेहूं और सरसों की तैयार फसलों को नुकसान पहुंचने की आशंका है। किसानों का कहना है कि अगर बारिश का सिलसिला जारी रहा तो उनकी फसल पूरी तरह बर्बाद हो सकती है।

******************

अंतर जिला महिला अंडर–19 क्रिकेट प्रतियोगिता की आज से चाईबासा में शुरूआत हो गई । इस प्रतियोगिता में झारखंड के 13 जिले भाग ले रहे हैं। जिला क्रिकेट संघ के महासचिव असीम कुमार सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता में पहले दिन धनबाद का मुकाबला खूँटी से हो रहा है। कल धनबाद और सिमडेगा के बीच मुकाबला होगा।

******************

- आईआईटी धनबाद से छात्रों को लेकर होली की छुट्टी मनाने गंगटोक जा रही बस गहरी खाई में गिर गई। लाचुंग से गंगटोक जाने के दौरान हुए इस हादसे में ड्राइवर समेत कई यात्री घायल हो गए। आइआइटी आइएसएम धनबाद के 10 छात्र भी घायल हो गए। घायलों में से तीन छात्रों को इलाज के लिए गंगटोक स्थित एसटीएनएम अस्पताल भेजा गया। आइएसएम प्रबंधन के अनुसार सभी सकुशल हैं ।
- दुमका जिले के नगर थाना क्षेत्र में एक पुराने जर्जर सरकारी आवास से पुलिस ने एक युवक की लाश बरामद की है। पुलिस अधीक्षक पीतांबर सिंह खेरवार के मुताबिक युवक की मौत कई दिन पहले हुई है। लाश की शिनाख्त के लिए जिले के सभी थानों की मदद ली जा रही है।

- जमशेदपुर की बिष्टुपुर पुलिस ने बाइक पर कट्टा लहरा रहे एक युवक को गिरफ्तार किया है।
- झारखंड अस्मिता हॉकी लीग 2025 जूनियर और सब जूनियर महिला प्रतियोगिता की आज से रांची में शुरूआत हो गई।

*******************